त्वरित-संदर्भ मार्गदर्शिका

प्रस्ताव 41 वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014।

सारांश *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर प्रस्तुत*

सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को बेघरी से राहत देने हेतु किफायती बहुपरिवार सहयोगात्मक आवास, किफायती परिवर्ती आवास, किफायती किराये के आवास, या सम्बन्धित सुविधाओं के लिए सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में $600 मिलियन की धनराशि अधिकृत करता है। राजकोषीय प्रभाव: 15 वर्षों तक वृद्धित राज्य बॉण्ड की औसत वार्षिक लागत लगभग 50 मिलियन है।

आपकी वोट क्या मायने रखती है

हाँ इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: राज्य निम्न-आय वाले और बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती बहुपरिवार आवास का वित्तपोषण करने के लिए $600 मिलियन की धनराशि के बॉण्ड्स सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में बेचेगा।

नहीं इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: राज्य निम्न-आय वाले और बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती बहुपरिवार आवास का वित्तपोषण करने के लिए $600 मिलियन की धनराशि के बॉण्ड्स सामान्य दायित्व बॉण्ड्स के रूप में नहीं बेचेगा।

तर्क

समर्थन में तर्क प्रस्ताव 41, वेटरंस हाउसिंग एंड होमलेस प्रिवेंशन बॉण्ड ऐक्ट ऑफ 2014, $600 मिलियन पूर्व में पारित, अव्ययित बॉण्ड धनराशियों को California के बेघर सेवानिवृत्त सैनिकों की बड़ी आबादी के लिए आवास के निर्माण और उनके पुनर्वास के लिए पुनर्निर्देशित करता है। यह ऐक्ट करों में वृद्धि किये बिना बेघर और बेघरी के करीब सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती, सहयोगात्मक, और परिवर्ती आवास का निर्माण करेगा।

विपक्ष में तर्क प्रस्ताव 41 राज्य को मतदाताओं के द्वारा 2008 में CalVet होम एंड फार्म लोन प्रोग्राम के लिए बॉण्ड्स के रूप में पूर्व पारित $900 मिलियन में से $600 मिलियन की राशि उधार लेने (बॉण्ड्स बेच कर) के लिए अधिकृत करेगा। मुद्दा यह है क्या धनराशियों को इस तरह दूसरे काम में उपयोग करना बुद्धिमानी है।

अतिरिक्त जानकारी के लिए

पक्ष में
Coalition for Veterans Housing
777 S. Figueroa St., Suite 4050
Los Angeles, CA 90017
(213) 346-0400
info@yesonprop41forvets.org
www.yesonprop41forvets.org

खिलाफ
Gary Wesley
gary.wesley@yahoo.com

प्रस्ताव 42 सार्वजनिक रिकॉर्ड। खुली बैठकें। स्थानीय संस्थाओं को राजकीय प्रतिपूर्ति। विधायी संवैधानिक संशोधन।

सारांश *विधानमंडल द्वारा मतपत्र पर प्रस्तुत*

स्थानीय सरकार के लिए स्थानीय सरकारी निकायों की बैठकों और सरकारी अधिकारियों के रिकॉर्ड की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करने हेतु निर्दिष्ट राज्य कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक है। अनुपालन की लागतों के लिए प्रतिपूर्ति को खत्म करता है। राजकोषीय प्रभाव: स्थानीय सरकारों को राज्य द्वारा किये जाने वाले भुगतानों में वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर की कमी। स्थानीय सरकारों पर वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलर की सम्भावित भावी लागतें।

आपकी वोट क्या मायने रखती है

हाँ इस विधेयक पर हाँ यानि अनुकूल वोट का मतलब है: राज्य को ऐसे राज्य कानूनों का पालन करने के लिए जो स्थानीय सरकार की जानकारी की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करते हों, स्थानीय सरकारों को लागतों का भुगतान करना आवश्यक नहीं होगा।

नहीं इस विधेयक पर नहीं यानि प्रतिकूल वोट का मतलब है: राज्य को ऐसे राज्य कानूनों का पालन करने के लिए जो स्थानीय सरकार की जानकारी की सार्वजनिक सुलभता प्रदान करते हों, स्थानीय सरकारों को कुछ लागतों का भुगतान करना अभी भी आवश्यक होगा।

तर्क

समर्थन में तर्क प्रस्ताव 42 संविधान में सरकार क्या कर रही है और कैसे कर रही हैं को जानने के जनसामान्य के अधिकार को दृढ़ता प्रदान करेगा। स्थानीय संस्थाओं को सार्वजनिक जानकारी के लिए किये गये किसी अनुरोध के लिए इंकार करने या लागत के आधार पर किसी बैठक में दरवाजा बंद कर लेने की अनुमति नहीं होनी चाहिये। प्रस्ताव 42 पर हाँ यानि पक्ष में वोट दें।

विपक्ष में तर्क प्रस्ताव 42 California के संविधान को California सार्वजनिक रिकॉर्ड ऐक्ट और स्थानीय खुली बैठकों से सम्बन्धित कानूनों का अनुपालन करने की लागत सम्बन्धित यानि इसमें शामिल स्थानीय सरकारों पर लगाने के लिए संशोधित करेगा। इसका एक विकल्प, जो इस प्रस्ताव द्वारा पेश नहीं किया गया है, लागत राज्य सरकार पर लगाने का होगा।

अतिरिक्त जानकारी के लिए

पक्ष में
Peter Scheer
First Amendment Coalition
534 Fourth St. #B
San Rafael, CA 94901
(415) 460-5060
pscheer@firstamendmentcoalition.org
www.cnpa.com/prop42

खिलाफ
Gary Wesley
gary.wesley@yahoo.com